Atlantic Health System ("AHS"), Inc. की कम आय वाले, अबीमाकृत और अपर्याप्त बीमा वाले रोगियों के लिए वित्तीय सहायता ("वित्तीय सहायता पॉलिसी") उन रोगियों को जो पात्र हैं, सभी अथवा आंशिक आपातकालीन या चिकित्सीय रूप से जरूरी देखभाल, जो वे AHS अस्पतालों में प्राप्त करते हैं, के लिए भुगतान करने में मदद देती है। इनमें शामिल हैं Morristown Medical Center, Overlook Medical Center, Chilton Medical Center, Newton Medical Center, Hackettstown Medical Center और कोई भी AHS स्थान, जिसे संघीय नियमों के अनुसार प्रदाता-आधारित तौर पर मनोनीत किया गया है। रोगियों के लिए अपने बिल में मदद प्राप्त करने के लिए एक आवेदन पत्र भरना आवश्यक है और उन्हें वित्तीय सहायता के लिए योग्य होने हेतु निम्न शर्तों का पालन करना आवश्यक है।

मैं अपने बिल के संबंध में मदद कैसे प्राप्त कर सकता हूं?

यह निर्धारित करने के लिए कि आप अपने अस्पताल बिल में कितनी मदद प्राप्त कर सकते हैं, हम आपकी कुल पारिवारिक आय पर विचार करेंगे और उस राशि की तुलना संघीय गरीबी स्तर (फेडरल प्रोवर्टी लेवल) से करेंगे। संघीय गरीबी स्तर निम्नतम राशि है, जिसकी परिवार को अमेरिकी सरकार के अनुसार भोजन, शरण स्थान, तथा अन्य जरूरतों के लिए आवश्यकता होती है। आप NJ के चैरिटी केयर (Charity Care) कार्यक्रम द्वारा अपने अस्पताल बिल में मदद प्राप्त कर सकते हैं, यदि आप:

1) आपका कोई स्वास्थ्य बीमा नहीं है (अथवा ऐसा स्वास्थ्य बीमा है, जो केवल आपके आंशिक बिल का भुगतान करता है),
2) निजी बीमे अथवा सरकार द्वारा समर्थित बीमे की शर्तों को पूरा नहीं करते,
3) राज्य द्वारा तय की गई आय और संपत्ति सीमाओं को पूरा करते हैं।

चैरिटी केयर उन रोगियों के लिए अस्पताल के 100% शुल्कों को कवर करेगा, जिनके परिवार की कुल आय, संघीय गरीबी स्तर के 200% से कम अथवा इसके समान है; और उन रोगियों के लिए अस्पताल के आंशिक शुल्कों को कवर करेगा, जिनके परिवार की कुल आय, संघीय गरीबी स्तर के 200% से अधिक लेकिन 300% से कम अथवा इसके समान है।

यदि आप अबीमाकृत हैं, न्यू जर्सी (New Jersey) में रहते हैं और संघीय अथवा राज्य वित्तीय सहायता कार्यक्रमों के लिए योग्य नहीं हैं (चैरिटी केयर को छोड़कर), तो आप तब भी आपातकालीन अथवा चिकित्सीय रूप से जरूरी देखभाल के लिए अपने बिल पर छूट प्राप्त करने के योग्य होंगे, यदि आपके परिवार की आय की कुल राशि संघीय गरीबी स्तर के पांच गुणा से कम है (संघीय गरीबी स्तर का 500%)।

मै वित्तीय सहायता पॉलिसी की प्रति कैसे प्राप्त कर सकता हूं? मैं आवेदन पत्र कैसे प्राप्त कर सकता हूं?

- निम्न पर ऑनलाइन: www.atlantichealth.org/financialassistance
- लिखें अथवा कॉल करें:
  - Morristown Medical Center, 100 Madison Avenue, Morristown, New Jersey 07960, Financial Counseling Office, फोन, 973-971-4967, फैक्स, 973-401-2433, ई-मेल, Christian.Parra-Munevar@atlantichealth.org
  - Overlook Medical Center, 99 Beauvoir Avenue, Summit, New Jersey, 07901, फोन # 908-522-4689, फैक्स, 908-522-2031, ई-मेल, Angela.Algarin@atlantichealth.org
  - Chilton Medical Center, 97 West Parkway, Pompton Plains, New Jersey, 07444, फोन # 973-831-5435, फैक्स , 973-907-1037, ई-मेल, Laisa.Colon@atlantichealth.org
  - Newton Medical Center, 175 High Street, Newton, New Jersey, 07860, फोन # 973-579-8407, फैक्स, 973-579-8814, ई-मेल, Victoria.Goncalves@atlantichealth.org
  - Hackettstown Medical Center, 651 Willow Grove Street, Hackettstown, New Jersey, 07840, Phone # 908-850-6902, Fax, 908-441-1146, E-mail, Xiomara.Prashanth@atlantichealth.org
  - ग्राहक सेवा विभाग (Customer Service Department) को 1-800-619-4024 पर।

- व्यक्तिगत रूप से आपातकालीन विभागों और वित्तीय काउंसलिंग कार्यालयों में

आप व्यक्तिगत रूप से अस्पताल में अपना आवेदन पत्र ला सकते हैं, इसे डाक से, फैक्स अथवा ई-मेल से भेज सकते हैं। AHS पूरा होने पर आपके आवेदन पर विचार करेगी और इसका हिसाब लगाएगी कि आपके बिल में आप कितनी मदद प्राप्त कर सकते हैं। AHS अधूरे आवेदन पत्रों पर विचार नहीं करती, लेकिन आपको किसी निश्चित तारीख तक न दी गई जानकारी भेजने का मौका देगी।

क्या भाषा संबंधी कोई मदद मौजूद है?

वित्तीय सहायता पॉलिसी, आवेदन और वित्तीय सहायता पॉलिसी का एक संक्षिप्त विवरण आपकी भाषा में उपलब्ध हो सकता है। इस सेवा के बारे में जानकारी के लिए अथवा आपके अस्पताल बिल का भुगतान करने में मदद के बारे में किसी अन्य सवालों के लिए, ग्राहक सेवा विभाग को 1-800-619-4024 पर फोन करें अथवा हमारी वेबसाइट पर जाएं। आप हमारे किसी एक अस्पताल के वित्तीय काउंसलिंग ऑफिस में भी **सोमवार– शुक्रवार, प्रात: 8:00 बजे – शाम 4:00 बजे** तक जा सकते हैं।